# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0 )

वाद सं0 : 49 सन 2022

अनवान :–

1. मेघाराम पुत्र गुलाबाराम जाति मेधवाल निवासी कोलासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

**प्रार्थी**

**बनाम**

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

**अप्रार्थी**

प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :– श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता प्रार्थी

निर्णय दिनांक :– 01/07/2022

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट के तहत पेश किया जाकर निवेदन किया कि प्रार्थी के नाम रोही मौजा कोलासर के खाता संख्या 66/66 की 16.9460हैक एव रोही मौजा मिनकदेसर के खाता संख्या 283/288 की कुल 10.0530हैक भूमि का मुश्तरका खातेदार काश्तकार है

प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते समय उच्चारण के कारण मेघराज पुत्र गुलाबराम दर्ज हो गया जबकि प्रार्थी का सही नाम मेघाराम पुत्र गुलाबराम है यही नाम अन्य सभी दस्तावेजात में दर्ज है प्रार्थी का गलत नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज रहने से प्रार्थी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है।

वादी का नाम अन्य दस्तावेजात जैसे मतदाता फोटा पहचान पत्र , आम आदमी का आधार कार्ड , भामाशाह कार्ड , राशनकार्ड आदि सभी में प्रार्थी का नाम मेघाराम पुत्र गुलाबराम दर्ज है सहवन से राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम गलत तौर से दर्ज हुआ है इसलिये प्रार्थी अपना नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन करवाने का अधिकारी है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा कोलासर के खाता संख्या 66/66 की 16.9460हैक एव रोही मौजा मिनकदेसर के खाता संख्या 283/288 की कुल 10.0530हैक भूमि में प्रार्थी का नाम मेघाराज पुत्र गुलाबराम के स्थान पर मेघाराम पुत्र गुलाबराम संशोधन करने के आदेश फरमावे।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया अप्रार्थी संख्या 1 की और से पेरोकार राज उपस्थित आकर जबाब पेश किया गया की प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात साक्ष्य सबुतो के आधार पर राज्य हको को सुरक्षित रखते हुए प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया जाना उचित है।

वकील प्रार्थी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की वादी के नाम रोही मौजा कोलासर के खाता संख्या 66/66 की 16.9460हैक एव रोही मौजा मिनकदेसर के खाता संख्या 283/288 की कुल 10.0530हैक भूमि का खातेदार काश्तकार है

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with OKEN Scanner

प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते समय उच्चारण के कारण मेघाराज पुत्र गुलाबराम दर्ज हो गया जबकि प्रार्थी का सही नाम मेघाराम पुत्र गुलाबराम है यही नाम अन्य सभी दस्तावेजात में दर्ज है प्रार्थी का गलत नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज रहने से प्रार्थी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है।

वादी का नाम अन्य दस्तावेजात जैसे मतदाता फोटा पहचान पत्र , आम आदमी का आधार कार्ड , भामाशाह कार्ड , राशनकार्ड आदि सभी में प्रार्थी का नाम मेघाराम पुत्र गुलाबराम दर्ज है सहवन से राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम गलत तौर से दर्ज हुआ है इसलिये प्रार्थी अपना नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन करवाने का अधिकारी है प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावे

पेरोकार राज ने अपनी बहस में अपने जबाब में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो के आधार पर प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया जाना उचित है।

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रार्थी ने रोही मौजा कोलासर के खाता संख्या 66/66 की 16.9460हैक एव रोही मौजा मिनकदेसर के खाता संख्या 283/288 की कुल 10.0530हैक भूमि खातेदार काश्तकार है जिसमें प्रार्थी का नाम मेघाराज पुत्र गुलाबराम दर्ज है। प्रार्थी का कथन है कि उसका सही नाम मेघाराम पुत्र गुलाबराम है यही नाम अन्य दस्तावेजात में भी दर्ज है।

प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात मतदाता फोटा पहचान पत्र , आम आदमी का आधार कार्ड , भामाशाह कार्ड राशन कार्ड अदि सभी में प्रार्थी का नाम मेघाराम पुत्र गुलाबराम दर्ज है प्रार्थी ने अपने नाम के सम्बध में स्वय का शपथ/दस्तावेजात /तहसीलदार का ऐतराज नही होने पर प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन करवाने का अधिकारी है नाम संशोधन करने से राज्यहकों को कोई नुकसान नही है बल्की राजस्व रिकार्ड ही संशोधन होता है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र साक्ष्य सबुतों /शपथ पत्र /एवं पेरोकार की रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है कि रोही मौजा कोलासर के खाता संख्या 66/66 की 16.9460हैक एव रोही मौजा मिनकदेसर के खाता संख्या 283/288 की कुल 10.0530हैक भूमि में प्रार्थी का नाम मेघराज पुत्र गुलाबराम के स्थान पर मेघराज उर्फ मेघाराम पुत्र गुलाबराम संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय प्रार्थना पत्र उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 01/07/2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with OKEN Scanner

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर नोहर

क्रमांक : राजस्व / रीडर / 2022 / 2222 दिनांक :- 05/07/2022

तहसीलदार राजस्व

नोहर ।

विषय :- प्रकरण संख्या 49 / 2022 अनवानी मेघाराम बनाम सरकार में पारित निर्णय की पालना करवाने के सम्बध मे।

प्रंसग :- अनवान :-

1. मेघाराम पुत्र गुलाबराम जाति मेघवाल निवासी कोलासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रकरण संख्या 49 / 2022 अनवानी मेघाराम बनाम सरकार में दिनांक 01/07/2022 को निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा कोलासर के खाता संख्या 66 / 66 की 16.9460हैक्‍ एव रोही मौजा मिनकदेसर के खाता संख्या 283 / 288 की कुल 10.0530हैक्‍ भूमि में प्रार्थी का नाम मेघराज पुत्र गुलाबराम के स्थान पर मेघराज उर्फ मेघाराम पुत्र गुलाबराम संशोधन किये जाने आदेश पारित किये गये है तदानुसार राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाना सुनिश्चित करे।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )

नोहर ( हनुमानगढ )

उपखण्ड अधिकारी

नोहर

Scanned with OKEN Scanner